(ख) जावोरा में मौजूदा एक्सचेंज के स्थान पर 200 लाइनों का स्वचालित एक्सचेंज लगाने की योजना बनाई गई है। इसका संस्थापन कार्य अगस्त, 1970 में आरम्भ हुआ था। लोहे का कार्य, केबिल बिछाना और तार लगाने का काम पूरा हो गया है।

(ग) अक्तूबर, 1971 तक

(घ) जी हां।

(ङ) आशा है कि इस संस्थापन के चालू हो जाने से अतिरिक्त टेलीफोन कनेक्शनों की व्यवस्था की जा सकेगी।

रतलाम जिले (मध्य प्रदेश) में टेलीफोन केन्द्र खोला जाना

2333. **डा० लक्ष्मी नारायण पांडे** : क्या **संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में रतलाम जिले में ताल, बडावडा, सनखेडा और रिंगनौड जैसे बडे शहरों में टेलीफोन केन्द्र स्थापित करने की जनता द्वारा बराबर मांग की जा रही है

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है ; और

(ग) उक्त शहरों में टेलीफोन केन्द्र कब तक कार्य करना आरम्भ कर देंगे ?

संचार मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) इन स्थानों पर टेलीफोन सुविधा दिये जाने के लिए जनता की मांग बरकरार है।

(ख) आवश्यकता का सर्वेक्षण करने के बाद और आय-व्यय का हिसाब लगा लेने पर प्रत्येक मामले में निम्नलिखित कार्यवाही की गई है :

1. **ताल** : एक सार्वजनिक टेलीफोन घर की मंजूरी दे दी गई है। अलबत्ता ए०सी० एस०आर० तार की भारी कमी है। इस तार की सप्लाई की स्थिति में सुधार होने के बाद सार्वजनिक टेलीफोन घर खोल दिया जायेगा।

2. **बडावडा** : सही नाम रतलाम जिले में बड़ावडा जान पड़ता है। यहां के लिए एक सार्वजनिक टेलीफोन घर की मंजूरी दे दी गई है। अलबत्ता ए०सी०एस०आर० तार की भारी कमी है। ज्योंही इस तार की सप्लाई की स्थिति में सुधार होगा, सार्वजनिक टेलीफोन घर खोल दिया जायेगा।

3. **सनखेडा** : सही नाम सुखेडा जान पड़ता है यहां सार्वजनिक टेलीफोन घर खोलना लाभकारी नहीं है। मध्य प्रदेश राज्य सरकार और ग्राम पचायत को यह बता दिया गया है कि यदि कोई पार्टी किराया और गारंटी के आधार पर सार्वजनिक टेलीफोन घर खुलवाना चाहे तो यह खोला जा सकता है। उनके उत्तर की प्रतीक्षा की जा रही है।

4. **रिंगनौड** : 1?-11-70 को एक सार्वजनिक टेलीफोन घर खोला गया था। इस समय इस स्थान पर टेलीफोन एक्सचेंज खोले जाने का औचित्य नहीं है।

(ग) इस समय उपर्युक्त स्थानों पर टेलीफोन एक्सचेंज खोलने के लिए पर्याप्त मांग और औचित्य नहीं है। मांग में पर्याप्त वृद्धि होने और योजनाओं के लाभकर होने पर यथाशीघ्र टेलीफोन एक्सचेंज खोल दिये जायेंगे।

मन्दसौर और रतलाम जिलों (मध्य प्रदेश) में डाक और तार घरों और टेलीफोन एक्सचेंजों के लिये स्थान

2334. **डा० लक्ष्मी नारायण पांडे** : क्या संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश सर्किल में उन स्थान के नाम क्या हैं जहां डाक और तार घर और टेलीफोन एक्सचेंज समुचित इमारतों में स्थित नहीं ;

(ख) क्या इसके परिणामस्वरूप न केवल जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़

रहा है बल्कि उक्त कार्यालय भी दक्षतापूर्वक कार्य नहीं कर पा रहे हैं ; और

(ग) मन्दसौर और रतलाम जिलों में किन-किन स्थानों पर उक्त कार्यालयों को स्थान देने या उनके लिये इमारतों का निर्माण करने का सरकार का विचार है ?

संचार मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) भोपाल के पोस्टमास्टर जनरल के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार मध्य प्रदेश सर्कल में निम्नलिखित कार्यालय समुचित इमारतों में काम नहीं कर रहे हैं :—

डाकघर

1. भिंड
2. गोहाद
3. बैलाडिला

टेलीफोन एक्सचेंज

1. इटारसी
2. होशंगाबाद
3. धमनोद

(ख) हालांकि इन इमारतों में समुचित स्थान उपलब्ध नहीं है, फिर भी सुचारू सेवा पर इसका बुरा असर नहीं पड़ा है ।

(ग) मन्दसौर और रतलाम जिलों के सभी कार्यालय समुचित इमारतों में हैं । इसलिए इनके लिये इमारतों के निर्माण का प्रश्न ही नहीं उठता ।

मध्य प्रदेश में प्रयोगात्मक डाकघर

2335. डा० लक्ष्मी नारायण पांडे : क्या संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में मन्दसौर और रतलाम जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में उन स्थानों के नाम क्या हैं जहां चालू वर्ष में प्रयोगात्मक डाक घर खोले जाने का विचार है ;

(ख) इस प्रकार के डाकघरों अथवा डाक-सुविधाओं की व्यवस्था करने के सामान्य नियम क्या हैं ; और

(ग) उपर्युक्त दो जिलों के उन स्थानों के नाम क्या हैं जहां की जनता ने इस प्रकार की डाक सुविधाओं की मांग की है ?

संचार मन्त्री (श्री हेमवती नंदन बहुगुणा) : (क) मध्य प्रदेश के मंदसौर और रतलाम जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों के उन स्थानों के नाम नीचे दिये गये हैं जहां 1971-72 वर्ष के दौरान प्रयोगात्मक डाकघर खोलने का प्रस्ताव है :

जिले का नाम	उन स्थानों का नाम जहां डाक घर खोलने का प्रस्ताव है	प्रस्तावित डाक-घर किस वर्ग के हैं ?
मंदसौर	कैलाशपुरा	अतिरिक्त विभागीय शाखा डाक घर
	कुलसी	वही
	नयामता हेड़ा	,,
	नालवा	,,
	सुनथी	,,
	सारनोड	,,
रतलाम	धुरिया	अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर
	बिवरोड	
	रिचा	,,
	रोल्ला	,,
	दौलतपुरा	,,
	रानायारा	,,
	कराडिया	,,
	नन्दलेटा	,,

(ख) जैसा कि सभा पटल पर रखे गये विवरण में उल्लिखित है । [ग्रन्थालय में रख दिया गया । देखिये संख्या LT-433/71]